# बिहार विधान सभा वादवृत्त

शुक्रवार तिथि २४ मार्च १९५०

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने में शुक्रवार, तिथि २४ मार्च १९५० को ११ बजे पुर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के सभापतित्व में हुआ।

## भारतीय संविधान के प्रति विनिहित निष्ठा का शपथ-ग्रहण

## Oath of allegiance to the constitution of India

निम्न लिखित सदस्य ने शपथ ली।

| नाम | निर्वाचन क्षेत्र |
|---|---|
| श्री सैयद मुहम्मद | मुजफ्फरपुर सदर, मुसलमान ग्रामीण। |

## अल्प सूचना प्रश्नोत्तर

## Short Notice Questions and Answers

### EAST PAKISTAN REFUGEES IN THE STATE OF BIHAR

4. **Shri Harinath Mishra:** Will the Hon'ble Minister incharge of Relief and Rehabilitation be pleased to state—

(a) Whether his attention has been drawn towards a news-item published in the Press which, among other things, states that the Central Government have fixed a quota of 50,000 East Bengal Refugees to be settled in this States;

(b) If the reply to clause (a) be in the affirmative, whether the news is correct;

दरभंगा जिला के लिये भूमी उन्नति ऋण।

*१६० । श्री राधाकांत चौधरी : क्या माननीय मंत्री, राजस्व विभाग यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) सन् १९४९-५० ई० में दरभंगा जिला के लिये भूमी उन्नति ऋण के मद में कितना रुपया मंजूर किया गया ;

(ख) अभी तक कितने रुपये लोन देने में खर्च हुए ;

(ग) ऋणी का नाम, पूरा पता, और रकम ;

(घ) ऋण के लिए कितनी दरखास्तें पड़ीं ?

माननीय श्री कृष्ण वल्लभ सहाय : (क) ५५५०० ।

(ख) १९७७३ ।

बकीये का उत्तर अभी तैयार नहीं है।

---

माननीय श्री कृष्ण वल्लभ सहाय : इसका उत्तर अभी तैयार नहीं है, चूंकि इसका जवाब अभी नहीं आया है।

---

मौजा डीलियां के जमीन्दार ।

*१६२ । श्री देव नारायण सिंह : क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) मौजा डीलियां, थाना सहार, जिला शाहबाद में किन-किन जमींदारों की जमीन्दारी है ;

(ख) मौजा डीलियां में जमीन्दारों को अपने हल बैल से खेती होती है, कि नहीं, अगर होती है, तो उनके पास कितने हल, कितने बैल और कितने हलवाहे तथा बैलों को खिलाने पीलाने तथा देख-रेख करने वाले हैं ;

(ग) मौजा डीलियां में किन-किन जमीन्दारों के पास कितना-कितना बकास्त तथा जीरात जमीन है ?

जमीन्दारों का मालगुजारी लेने से इन्कार ।

*१६३ । श्री देव नारायण सिंह : क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि मौजा डीलियां के कास्तकारों के नाम से बहुत सी जमीनें जो सर्वे खतीयान में कायमी नकदी हैं, और उनका

दखल-कब्जा भी है, तथा वही किसान खेत जोतते-रोपते भी हैं फिर भी जमीन्दारों की ओर से मालगुजारी में नकद निश्चित दर रुपये न लेकर दस या बारह मन कच्चा फी बीगहा चावक तथा धान लिया जाता है;

(ख) क्या यह बात सही है कि मौजा डोलियां के कास्तकार, जो अपना वास्तविक मालगुजारी जो सर्वे खतीयान में निश्चित है, जमीन्दार को देना चाहते हैं, तो जमीन्दार की ओर से मालगुजारी नहीं ली जाती है, और किसान को दृढ़तापूर्वक जिद करने पर उसे नाना प्रकार के षडयंत्र द्वारा अपने अमलों द्वारा मार-पीट तथा तरह-तरह से फौजदारी के मुकदमों में फसाकर बर्बाद कर दिया जाता है, ताकि किसान अपना सर न उठा सके;

(ग) क्या यह बात सही है कि मौजा डिलियां में जो जमीन्दारों के अमले वहां के कास्तकारों को धमकी देते हैं, हमारे मालिक तथा उनके खानदान में बड़े-बड़े ओहदे पर लोग हाकिम हैं, जिससे मुकदमें बाजी में किसी भी सूरत से पार नहीं पाने दूंगा और उखार दूंगा;

(घ) क्या सरकार को मालुम है कि मौजा डिलियां में जमीन्दारों को एक भी बैल तथा हल, हलवाहे नहीं है, तथा उन्हें अपना निजी खेती बिलकुल ही नहीं होती हैं;

(ङ) यदि खंड (क), (ख), (ग) और (घ) की बातें सही हैं, तो सरकार किसानों की रक्षा के लिए कौन सी कारवाई करने जा रही है?

†माननीय श्री कृष्ण वल्लभ सहाय: सरकार को इस बात का दुख है कि जिस इनफोरमेशन को माननीय सदस्य चाहते थे इसका जवाब हमारे पास नहीं है। इस सवाल की कौपी कलक्टर के यहां भेज दी गयी और कलक्टर से ये भी कहा गया कि जांच करने के बाद अगर किसी कानून के बरखिलाफ कोई काररवाई की है तो उसके खिलाफ काररवाई की जाय।

श्री देवनारायण सिंह: क्या सरकार इस सम्बन्ध में जल्द से जल्द जांच करने की कृपा करेगी?

माननीय श्री कृष्ण वल्लभ सहाय: इसका जवाब हां में है।

---

## एक प्रश्न के उत्तर के सम्बन्ध में माननीय अध्यक्ष का मन्तव्य।

## Observation of the Hon'ble the Speaker regarding answer to a question.

श्री लतीफुर रहमान: अभी हाल में एक सवाल के जवाब में गवर्नमेन्ट के तरफ से बताया गया है कि फलां२ आफिसरों के लड़के पाकिस्तान में

†यह जवाब प्रश्न संख्या १६२ एवं १६३ से सम्बन्ध रखता है।